भारत सरकार
स्वास्थ्य और परिवार कल्याण मंत्रालय
स्वास्थ्य और परिवार कल्याण विभाग

लोक सभा
अतारांकित प्रश्न संख्या 964
दिनांक 08 दिसंबर, 2023 को पूछे जाने वाले प्रश्न का उत्तर

स्वास्थ्य सुरक्षा योजना

964. श्री पी. वेलुसामी:
श्री एस. आर. पार्थिबन:

क्या **स्वास्थ्य और परिवार कल्याण मंत्री** यह बताने की कृपा करेंगे किः

(क) क्या सरकार विश्व में सबसे बड़ी सार्वजनिक क्षेत्र में वित्तपोषित स्वास्थ्य सुरक्षा योजना कार्यान्वित कर रही है;
(ख) यदि हां, तो तमिलनाडु के लिए जिला-वार सहित तत्संबंधी राज्य/संघ राज्यक्षेत्र-वार ब्यौरा क्या है; और
(ग) इस योजना के अंतर्गत तमिलनाडु राज्य के लिए जिला- वार सहित राज्य/संघ राज्यक्षेत्र-वार पात्र लाभार्थियों का ब्यौरा क्या है?

उत्तर
स्वास्थ्य और परिवार कल्याण राज्य मंत्री (प्रो. एस.पी.सिंह बघेल)

(क) से (ग): आयुष्मान भारत प्रधानमंत्री जन आरोग्य योजना (एबी पीएम-जेएवाई) दुनिया में सबसे बड़ी सार्वजनिक रूप से वित्तपोषित स्वास्थ्य सुरक्षा योजना है जिसका उद्देश्य 12 करोड़ परिवारों को मध्यय और विशिष्ट परिचर्या अस्पताल दाखिलों के लिए प्रति परिवार प्रति वर्ष 5 लाख रुपये का स्वास्थ्य कवर प्रदान करना है। एबी पीएम-जेएवाई को दिल्ली, ओडिशा और पश्चिम बंगाल को छोड़कर 33 राज्यों और संघ राज्य क्षेत्रों (यूटी) में लागू किया जा रहा है। लगभग 27.8 करोड़ आयुष्मान कार्ड बनाए गए हैं। इसके अलावा, इस योजना के तहत 77,298 करोड़ रुपये के 6 करोड़ अस्पतालों में दाखिलों को अधिकृत किया गया है। पात्र परिवारों का राज्य-वार ब्यौरा **अनुलग्नक-1** में दिया गया है।

तमिलनाडु राज्य में, आयुष्मान भारत पीएम-जेएवाई को राज्य विशिष्ट योजना मुख्यमंत्री व्यापक स्वास्थ्य बीमा योजना (सीएमसीएचआईएस) के अभिसरण में कार्यान्वित किया जा रहा है। एकीकृत योजना के तहत कुल 1.46 करोड़ परिवार स्वास्थ्य परिचर्या लाभ के लिए पात्र हैं, जिनमें से 86.48 लाख परिवार केंद्र और राज्य सरकारों द्वारा समर्थित हैं और अतिरिक्त 59.82 लाख परिवार विशेष रूप से राज्य सरकार द्वारा समर्थित हैं। 2 दिसंबर 2023 तक, लगभग 53.63 लाख आयुष्मान कार्ड बनाए गए हैं। इसके अलावा, राज्य में इस योजना के तहत 6143.4 करोड़ रुपये के 96.25 लाख अस्पतालों दाखिलों को अधिकृत किया गया है। तमिलनाडु राज्य में पात्र परिवारों का जिला-वार ब्यौरा **अनुलग्नक-II** में दिया गया है।.

अनुलग्नक-I

एबी पीएम-जेएवाई के तहत पात्र परिवारों का राज्यवार विवरण

राज्य/संघ राज्य क्षेत्र	एबी पीएम-जेएवाई के तहत पात्र परिवार	अभिसरण योजना के तहत कुल परिवार (पीएम-जेएवाई के तहत कवर किए गए परिवारों सहित)
अंडमान और निकोबार द्वीप समूह	23,785	23,785
आंध्र प्रदेश	61,47,562	1,41,70,940
अरुणाचल प्रदेश	98,844	98,844
असम	30,03,069	56,33,540
बिहार	1,21,10,526	1,21,10,525
चंडीगढ़	79,226	79,226
छत्तीसगढ़	41,44,847	60,65,402
दादरा और नागर हवेली और दमन और दीव	47,578	2,07,432
गोवा	41,098	41,098
गुजरात	49,85,484	82,57,000
हरियाणा	17,24,837	29,93,557
हिमाचल प्रदेश	5,32,396	5,32,396
जम्मू और कश्मीर	6,70,010	25,72,843
झारखंड	31,18,620	61,50,000
कर्नाटक	69,01,440	1,15,00,000
केरल	23,97,610	41,70,066
लद्दाख	12,120	40,758
लक्षद्वीप	1,628	12,523
मध्य प्रदेश	93,27,963	1,18,00,000
महाराष्ट्र	93,05,910	2,22,00,000
मणिपुर	3,07,908	5,16,474
मेघालय	3,85,708	6,88,551
मिजोरम	2,16,584	2,16,584
नागालैंड	2,59,468	3,50,453
पुद्दुचेरी	1,14,968	1,98,737
पंजाब	16,65,113	44,44,942
राजस्थान	66,37,371	1,39,64,369
सिक्किम	44,228	44,228
तमिलनाडु	86,48,748	1,46,30,918
तेलंगाना	29,02,621	90,10,000
त्रिपुरा	5,49,554	5,49,554
उत्तर प्रदेश	1,31,23,663	1,80,46,259
उत्तराखंड	5,97,682	16,43,614
कुल	12,00,00,000*	17,29,64,618

*नोट: दिल्ली, ओडिशा और पश्चिम बंगाल राज्यों/संघ राज्य क्षेत्रों के पात्र परिवार शामिल हैं। तथापि, संबंधित राज्य सरकार के निर्णय के अनुसार इन तीन राज्यों में यह योजना कार्यान्वित नहीं की जा रही है।

अनुलग्नक-II

तमिलनाडु राज्य में एबी पीएम-जेएवाई के तहत पात्र परिवारों का जिलावार विवरण

जिला	**पात्र परिवार**
अरियालूर	1,15,988
चेंगलपट्टू	1,72,270
चेन्नई	5,32,212
कोयम्बटूर	3,03,005
कुड्डालोर	3,82,450
धर्मपुरी	2,31,029
डिंडीगुल	2,64,371
इरोड़	2,85,876
कल्लाकुरिची	2,21,891
कांचीपुरम	1,34,371
कन्याकुमारी	2,43,678
करूर	1,45,162
कृष्णागिरी	2,35,089
मदुरै	3,38,636
मयिलादुथुरई	1,32,314
नागपट्टिनम	1,09,104
नमक्कल	2,13,782
पेरम्बलूर	97,004
पुदुक्कोट्टई	2,50,573
रामनाथपुरम	2,00,920
रानीपेट	1,19,667
सलेम	3,77,586
शिवगंगा	1,94,098
तेनकासी	1,98,701
तंजावुर	3,26,854
नीलगिरी	1,11,409
थेनी	1,70,790
तिरुवल्लूर	2,11,480
तिरुवरूर	1,98,478
तिरुचिरापल्ली	3,12,930
तिरुनेलवेली	1,75,152
तिरुपाथूर	1,31,806
तिरुप्पूर	2,22,648
तिरुवन्नामलाई	3,54,689
तूतीकोरिन	2,11,295
वेल्लोर	1,51,231
विल्लुपुरम	3,30,984
विरुध्नगर	2,39,225
कुल	86,48,748